**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (16.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 16.12.2024, PAGE-06**

# स्पेक्ट्रोस्कोपी इन्वेस्टिगेशन की सूक्ष्म बारीकियों पर चर्चा



बीआरए बिहार विवि के भौतिक विभाग में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सिपोजियम के दूसरे दिन रविवार को व्याख्यान सत्र के दौरान मौजूद शिक्षक व शोधार्थी।

- फिजिक्स विभाग में चल रहे सिपोजियम का समापन
- अमेरिका के विशेषज्ञों ने सेमिनार में दिया व्याख्यान

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरए बिहार विवि के फिजिक्स विभाग की ओर से जारी दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिपोजियम कंटेंपरेरी रिसर्च एंड इन्नोवेशन इन फिजिकल साइंसेज के दूसरे दिन रविवार को व्याख्यान सत्र भौतिक विभाग के सर सीवी रमन हाल में किया गया। इसमें बनारस हिंदू विवि के प्रो. रंजन सिंह रमन ने स्कैटरिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपी इन्वेस्टिगेशन की सूक्ष्म बारीकियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने फ्लोरोसेंस फॉस्फोरेसेन्स में निहित भौतिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

अमेरिका के तुस्कागी विवि के प्रो. अक्षय कुमार ने व्याख्यान में लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कॉपी की चर्चा की। उन्होंने लेजर के उत्सर्जन एवं इसके उत्सर्जन समय अवधि को प्रभावित करने वाले कारकों के बारे में बताया। अमेरिका के कोलोराडो विश्वविद्यालय के डॉ. सोहम घोष ने बायो फिजिक्स की चर्चा करते हुए डीएनए स्ट्रक्चर व उसकी भौतिक और रासायनिक व्यवहारों के बारे में उपस्थित लोगों को बताया। उन्होंने व्याख्यान में बायो इलेक्ट्रिसिटी, बायोफिजिकल इंटरेक्शन, मैकेनिकल बायोलॉजी इत्यादि विषयों पर प्रकाश डाला। दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि के प्रो. वेंकटेश सिंह ने न्यूट्रिनो एवं डार्क मैटर के विज्ञान एवं उनके रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए सूर्य द्वारा उत्सर्जित न्यूट्रिनो के व्यवहार एवं उनके अध्ययन पर विस्तृत चर्चा की। मौके पर तिलका मांझी विवि के प्रो. कमल प्रसाद, वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय, कुलसचिव प्रो. अपराजिता कृष्णा व भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. ललन कुमार झा, एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय, नितिश्वरकॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार सिंह आदि थे।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.12.2024, PAGE-06

## लॉ का रिजल्ट तैयार, जल्द किया जाएगा जारी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में लॉ प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट तैयार कर लिया गया है। परीक्षा विभाग रिजल्ट को इसी हफ्ते जारी कर सकता है। लॉ की प्रवेश परीक्षा दो महीने पहले हुई थी। परीक्षा में 1080 छात्र शामिल हुए थे। रिजल्ट को लेकर परीक्षा विभाग ने कटऑफ कम करने का प्रस्ताव पास किया था। इसके बाद कटऑफ कम करने पर काम किया जा रहा था। परीक्षा विभाग के अनुसार, रिजल्ट तैयार कर लिया गया है। सत्यापन के बाद इसे जारी किया जाएगा।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 16.12.2024, PAGE-06

## 'बास्केटबॉल के लिए 10 लाख का बजट'

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के तत्वावधान में 26 दिसंबर से होने वाले ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल चैम्पियनशिप के आयोजन पर करीब 10 लाख खर्च होने की संभावना है। इसके लिए एक बजट बनाकर विवि को दिया गया है। विवि से जल्द ही बजट पास होगा।

ये बातें बीआरएबीयू स्पोर्ट्स कौंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार ने एलएस कॉलेज मैदान में इंटर कॉलेज एथलेटिक्स मीट के दौरान 'हिन्दुस्तान' से बातचीत में कहीं। उन्होंने बताया कि ईस्ट जोन से बीस से ज्यादा विवि ने भाग लेने की अपनी सहमति भेजी है। अभी और विवि के भाग लेने की संभावना है। चैम्पियनशिप की कुलपति डॉ. डीसी राय मॉनिटिरिंग कर रहे हैं। स्पोर्ट्स कौंसिल के मुख्य सलाहकार आईएएस डॉ. संजय सिन्हा के मार्गदर्शन में तैयारी जोर शोर से चल रही है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 16.12.2024, PAGE-04**

## स्कैटरिंग और स्पेक्ट्रोस्कापिक इन्वेस्टिगेशन पर हुई चर्चा

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी भौतिकी विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय सिंपोजियम कंटेंपररी रिसर्च एंड इनोवेशन इन फिजिकल साइंसेज के दूसरे दिन रविवार को व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। तकनीकी सत्र में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. रंजन सिंह रमन स्कैटरिंग और स्पेक्ट्रोस्कापिक इन्वेस्टिगेशन की सूक्ष्म बारीकियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने फ्लोरोसेंस फास्फोरिसेन्स जैसी प्रक्रियाओं में निहित भौतिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। अमेरिका के तुस्कागी विश्वविद्यालय के प्रो. अक्षय कुमार ने व्याख्यान में लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कापी पर चर्चा की। उन्होंने लेजर के उत्सर्जन व इसके उत्सर्जन समय अवधि को प्रभावित करने वाले कारकों के बारे में बताया। डा. सोहम घोष ने बायो फिजिक्स की चर्चा करते हुए डीएनए स्ट्रक्चर व उसकी भौतिक, रासायनिक व्यवहारों की जानकारी दी। मौके पर प्रतिभागियों के साथ-साथ प्रो. संजय कुमार, पटना विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग के डा. अखिलेश कुमार गुप्ता, आइआइटी पटना के डा. संतोष कुमार, आयोजन सचिव डा. सर्वेश दुबे, पिनाकी लाहा, डा. अर्चना, डा. रवींद्र कुमार, डा. उमेश उपस्थित हुए। संचालन डा. संगीता सिन्हा ने किया।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 16.12.2024, PAGE-04**

## छूटे अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन-काउंसिलिंग आज से

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने चार वर्षीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर अब तक रजिस्ट्रेशन से वंचित अभ्यर्थी सोमवार से अपना निबंधन करा सकेंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। कहा गया है कि बुधवार तक रजिस्ट्रेशन से वंचित और काउंसिलिंग से विंचित अभ्यर्थी एलएन मिश्र कालेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट में उपस्थित होकर निबंधन और काउंसिलिंग करा सकेंगे।

चार वर्षीय बीए बीएड में 63 तो बीएससी बीएड में 27 सीटें अब भी रिक्त हैं। विद्यार्थी चार कालेजों में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन और काउंसिलिंग करा सकेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:16.12.2024, PAGE-04

# पार्ट-वन स्पेशल की प्रैक्टिकल परीक्षा आज से

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुरः** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पिछले दिनों हुई टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा की शुरुआत सोमवार से होगी। 22 दिसंबर तक चलने वाली इस विशेष प्रायोगिक परीक्षा के लिए कुल 10 केंद्र बनाए गए हैं। पहली बार प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय स्तर से एक्सटर्नल की नियुक्ति की गई है। वहीं एक इंटरनल परीक्षक की नियुक्ति कालेजों के प्राचार्य की ओर से होगी। इसी आधार पर कालेजों में इंटरनल

**विश्वविद्यालय स्तर से कुल 10 केंद्रों का हुआ निर्धारण, पहली बार प्रैक्टिकल परीक्षा के लिए एक्सटर्नल की नियुक्ति**

परीक्षा का संचालन किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान की ओर से इसका निर्देश जारी किया गया है। सभी कालेज विशेष प्रैक्टिकल परीक्षा के बाद तीन प्रति में छात्र-छात्राओं की मार्क्स फाइल विश्वविद्यालय कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। यह रिकार्ड कालेज विश्वविद्यालय को ईमेल पर भी उपलब्ध कराएंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा हुई है। इसमें करीब 25 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। प्रैक्टिकल परीक्षा के बाद स्पेशल परीक्षा का परिणाम जारी होगा। बताया जा रहा है कि इस महीने के अंत तक परिणाम जारी किए जाएंगे।

**इन केंद्रों पर होगी प्रैक्टिकल परीक्षा** : एलएस कालेज, नीतीश्वर कालेज, डीसी कालेज हाजीपुर, जेएल कालेज हाजीपुर, एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी, जेएलएनएम कालेज सुरसंड, एमएस कालेज मोतिहारी, पीयूपी कालेज मोतिहारी, आरएलएसवाई कालेज बेतिया, एमजेके कालेज बेतिया।

**Ref:....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 16.12.2024, PAGE-04**


# कालेजों को ई-मेल पर मिलेगा टीआर

## विश्वविद्यालय में पहली बार लागू होगी यह व्यवस्था, परीक्षा कार्यों में होगी सुविधा

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत आने वाले सभी अंगीभूत और संबद्ध कालजों को अब ई-मेल पर टीआर (टेबलेशन रजिस्टर) भेजा जाएगा। इसका प्रस्ताव विश्वविद्यालय के स्तर से तैयार किया गया है। टीआर कालेजों को आनलाइन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे परीक्षा संबंधी कार्यों से लेकर पेंडिंग रिजल्ट और रिकार्ड मेंटेन करने में कालेजों को आसानी होगी।

- **परिणाम जारी होने के सात दिनों के भीतर ही विश्वविद्यालय कालेजों को उपलब्ध कराएगा टीआर**
- **कालेजों को पेंडिंग रिजल्ट और रिकार्ड मेंटेन करने में होगी आसानी**



कालेजों में टीआर उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं के रिजल्ट संबंधी समस्याओं का निराकरण करने से लेकर अगली परीक्षाओं के लिए फार्म भरने से पहले उसका सत्यापन और मिलान करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब परिणाम जारी होने के सात दिनों के भीतर ही टीआर कालेजों के ईमेल पर उपलब्ध कराया जाना है। टीआर आनलाइन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी आइटी सेल की होगी। इसमें किसी तरह की परेशानी आने पर कालेजों को सेल से संपर्क करना होगा। विश्वविद्यालय की ओर से पिछले सप्ताह में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के तहत सेकेंड सेमेस्टर का परिणाम जारी किया गया है।

इस आधार पर कालेजों को अपने रिकार्ड की जानकारी मिल सकेगी। उन्हें यह पता चल सकेगा कि छात्र-छात्राओं की सफलता से लेकर उनके रिजल्ट में गड़बड़ी की क्या स्थिति है। बताया गया है कि विश्वविद्यालय की ओर से तय किया गया है कि सेकेंड सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी होने के सात दिनों के भीतर ही टीआर को कालेजों में भेजा जाएगा। दूसरी ओर विश्वविद्यालय की ओर से दावा किया गया है कि पेंडिंग रिजल्ट का प्रतिशत पहले की तुलना में काफी घट गया है। अब यह महज एक से दो प्रतिशत तक सिमट गया है। पेंडिंग में छात्रों से लेकर कालेजों की लापरवाही और गलती सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि कई छात्रों ने कापी में राल नंबर भरने में गलती की है। एक अंक छोड़ दिया है। इस कारण उनका रिजल्ट पेंडिंग हो गया है। कई छात्र ऐसे भी मिले हैं जो एक से अधिक पत्रों में उपस्थित नहीं थे। इस कारण भी उनका रिजल्ट पेंडिंग की श्रेणी में है। छात्रों की ओर से यह बताना होगा कि छात्र ने किस पत्र की परीक्षा नहीं दी है। इसके बाद पेंडिंग क्लियर हो जाएगा।

दूसरी ओर कई कालेजों ने परीक्षा विभाग को सही- सही अंक उपलब्ध नहीं कराया है। इस कारण भी परिणाम पेंडिंग है। कालेजों की ओर से उपलब्ध जानकारी के बाद ही पेंडिंग को दूर किया जाएगा।

## सेकेंड से थर्ड सेमेस्टर में पहुंचने के लिए 28 क्रेडिट अनिवार्य

चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के अनुसार अब विद्यार्थी को सेकेंड से थर्ड सेमेस्टर में जाने के लिए उसे कुल 28 क्रेडिट अर्जित करना अनिवार्य होगा। यानी प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर को मिलाकर उसे किसी भी परिस्थिति में 28 से कम क्रेडिट नहीं होना चाहिए। अगर किसी विद्यार्थी को इससे कम क्रेडिट है तो वह थर्ड सेमेस्टर में नही जा सकता है। उसका नामांकन थर्ड सेमेस्टर में नहीं हो सकता। ऐसे में कालेजों को टीआर का रिकार्ड भेजा जा रहा है ताकि वे इससे मिलान कर सकेंगे कि संबंधित कोर्स के कितने विद्यार्थी थर्ड सेमेस्टर में पहुंचेंगे और कितने छात्र-छात्राओं को सेकंड सेमेस्टर में ही रहना होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFARPUR, DATE:16.12.2024, PAGE-04**

## परीक्षा विभाग की पहल. इमेल से सॉफ्ट कॉपी, पेंडिंग का रहेगा जिक्र

# पेंडिंग रिजल्ट ठीक करने कॉलेजों को भेजेंगे टीआर की सॉफ्ट कॉपी

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू ने पेंडिंग परिणाम को ससमय दुरुस्त करने को लेकर विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम जारी करने साथ ही एक सप्ताह के भीतर टीआर (टेबुलेशन रजिस्टर) की सॉफ्ट कॉपी कॉलेजों को भेजने का निर्णय लिया है. इसमें जिन छात्रों का परिणाम पेंडिंग होगा. उसका रिमार्क्स दिया रहेगा. इससे कॉलेजों को यह पता चल जाएगा कि उनके यहां किन छात्रों का परिणाम पेंडिंग है.

साथ ही इसका कारण क्या है. ऐसे में कॉलेज संबंधित छात्रों का आवेदन लेकर विश्वविद्यालय को भेज देंगे. एक साथ उनकी समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा. अबतक पेंडिंग परिणाम में सुधार को लेकर एक-एक कर छात्रों का आवेदन अग्रसारित किया जाता रहा है. ऐसे में छात्रों को कॉलेज से लेकर विश्वविद्यालय तक का चक्कर लगाना पड़ता है.

कॉलेजों में टीआर ससमय नहीं मिलने के कारण यह परेशानी होती थी कि



परिणाम में किस स्तर से गड़बड़ी है. ऐसे में कॉलेज छात्र का आवेदन विश्वविद्यालय को अग्रसारित कर देते थे.

**कॉलेजों से ससमय नहीं आता इंटरनल का अंक :** परिणाम में पेंडिंग की समस्या कम से कम हो इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से पहल की जा रही है. बताया गया कि कॉलेजों की ओर से ससमय इंटरनल और प्रायोगिक परीक्षा का अंक नहीं भेजा जाता. कई बार दिये गये फॉर्मेट में अंक नहीं भेजे जाने के कारण उसे परिणाम में फीड करने में परेशानी होती है.

**अब पोर्टल पर ही अपलोड करना होगा प्रायोगिक परीक्षा का अंक :** विश्वविद्यालय ने बीते दिनों इंटरनल और प्रायोगिक परीक्षा का अंक केंद्रीकृत तरीके से प्राप्त करने को लेकर पोर्टल लांच किया था. अब इसी पोर्टल के माध्यम से अंक विश्वविद्यालय को भेजना होगा. इसको लेकर सभी कॉलेजों में एक-एक नोडल पदाधिकारी बनाए जाएंगे. ये लगातार समन्वय बनाएंगे. कार्यशाला में उन्हें ट्रेनिंग भी दी जायेगी.

### आइटी सेल को दिया गया है जिम्मा

सभी कॉलेजों को परिणाम जारी होने के एक सप्ताह के भीतर टीआर की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध करा दी जाएगी. इसका जिम्मा विश्वविद्यालय के आइटी सेल को दिया गया है. कॉलेजों को कहा गया है कि यदि उनके पास टीआर की कॉपी नहीं पहुंचे तो वे आइटी सेल से समन्वय स्थापित कर इसे प्राप्त कर सकते हैं. विवि से पिछले सप्ताह मे चार वर्षीय स्नातक कोर्स के द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम जारी किया गया है. प्रयोग के तौर पर इसी सेमेस्टर से टीआर भेजने का कार्य शुरू कर दिया गया है.

### 20 यंग प्रोफेशनल को नियुक्त करेगी एनटीए

**पटना.** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यंग प्रोफेशनल की वैकेंसी निकाली है, जिसके लिए 40 साल तक के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं. एनटीए ने वेबसाइट nta.ac.in पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. ऑनलाइन फॉर्म 31 दिसंबर तक भर सकते हैं. यह नौकरी कॉन्ट्रैक्ट पर निकाली गयी है. पहले एक साल मे आपका काम एजेंसी को संतोषप्रद लगा तो आपको तीन साल तक एक्सटेंशन दिया जा सकता है. एनटीए यंग प्रोफेशन वैकेंसी 2024 के तहत योग्यता के आधार पर तीन तरह के कार्यों मे लगाया जायेगा. इसमें फाइनांस से जुड़ी एक्टिविटीज, एचआर से संबंधित काम रहेंगे. बीइ, बीटेक, एमटेक, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमसीए, एमबीए, एलएलबी, एलएलएम की डिग्री वाले स्टूडेंट्स आवेदन कर सकते हैं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 16.12.2024, PAGE-04

# विवि में सिंपोजियम: स्कैटरिंग व स्पेक्ट्रोस्कॉपिक इन्वेस्टिगेशन के बारीकियों पर रखे गये विचार

- भौतिकी विभाग की ओर से चल रहे दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम का समापन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के भौतिकी विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम का रविवार को समापन हो गया. इकंटेंपरेरी रिसर्च एंड इनोवेशन इन फिजिकल साइंसेज विषय पर दूसरे दिन व्याख्यान सत्र का आयोजन विभाग के सर सीवी रमन सभागार में किया गया.

दूसरे दिन के इस तकनीकी सत्र में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो.रंजन सिंह रमन ने स्कैटरिंग और स्पेक्ट्रोस्कॉपिक इन्वेस्टिगेशन के बारीकियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की. उन्होंने फ्लोरोसेंस फ्लस्फोरिसेन्स जैसी प्रक्रियाओं में निहित भौतिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी.अमेरिका के तुस्कागी विश्वविद्यालय के प्रो अक्षय कुमार ने अपने व्याख्यान में लेजर इंडयूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कॉपी की चर्चा की.

उन्होंने लेजर के उत्सर्जन एवं इसके उत्सर्जन समय अवधि को प्रभावित करने वाले कारकों के बारे में बताया. अमेरिका के कोलोराडो विश्वविद्यालय के डॉ सोहम घोष ने बायो फिजिक्स की चर्चा करते हुए, डीएनए स्ट्रक्चर व उसकी भौतिक एवं रासायनिक व्यवहारों के बारे में बताया.उन्होंने बायो इलेक्ट्रिसिटी, बायोफिजिकल इंटरेक्शन, मैकेनिकल बायोलॉजी इत्यादि विषयों पर भी प्रकाश डाला. समारोह में कुलसचिव प्रो अपराजिता कृष्णा, भौतिकी विभागाध्यक्ष व सिंपोजियम के चेयरपर्सन प्रो ललन झा ने प्रतिभागियों को संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र वितरित किया. कार्यक्रम के दौरान लंगट सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो ओम प्रकाश राय, नीतीश्वर सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मनोज सिंह, प्रो संजय, पटना विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग के डॉ अखिलेश गुप्ता, आइआइटी पटना के डॉ संतोष, ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ सर्वेश दुबे, पिनाकी लाहा, डॉ अर्चना, डॉ रविंद्र, डॉ उमेश समेत अन्य शिक्षक व शोधार्थी मौजूद रहे.

संचालन डॉ संगीता सिन्हा ने किया. प्रो ललन झा ने बताया सिंपोजियम से विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में हो रहे वर्तमान परिवर्तनों के बारे में शोधार्थियों को अवगत कराया गया. प्रतिभागियों को वैज्ञानिक चर्चा व अपने विचारों को आदान-प्रदान करने का मंच प्रदान किया.



भौतिकी विभाग में कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि.

### न्यूट्रिनो व डार्क मैटर के विज्ञान व रहस्य बताये

दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि के प्रो वेंकटेश सिंह ने न्यूट्रिनो व डार्क मैटर के विज्ञान एवं उनके रहस्यों पर प्रकाश डाला. सूर्य की ओर से उत्सर्जित न्यूट्रिनो के व्यवहार एवं उनके अध्ययन पर विस्तृत चर्चा की. तिलकामांझी विवि के प्रो कमल प्रसाद ने एनर्जी हार्वेस्टिंग एवं सिरेमिक पॉलीमर कंपोजिट विषय पर अपना व्याख्यान दिया. इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिम्पोजियम के समापन समारोह में विवि के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति एवं प्रतिभागियों को बधाई दी.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर कोड को स्कैन कर ले.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 16.12.2024, PAGE-02

बीआरएबीयू • 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 16 दिसंबर तक जमा किया जाएगा परीक्षा फॉर्म

# 20 दिसंबर से होगी पीजी सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा, दो दिन पहले मिलेगा एडमिट कार्ड

एजुकेशन रिपोर्टर|मुजफ्फरपुर

**सत्र 2023-25 : तीसरे और चौथे सेमेस्टर की अगले साल आयोजित होगी परीक्षा**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी सत्र 2023-23 के सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा 20 दिसंबर से शुरू होगी। इसके लिए दो दिन पहले विश्वविद्यालय की ओर से एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा। इस महीने में तीन दिन परीक्षा ली जाएगी। इसके बाद 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक विश्वविद्यालय और कॉलेजों में छुट्टी हो जाएगी। दोबारा 3 जनवरी से 29 जनवरी तक शेष पेपर की परीक्षा ली जाएगी। वहीं, 4 से 11 फरवरी तक प्रैक्टिकल और वायवा के लिए समय दिया गया है। इसके साथ ही अबतक जो छात्र परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके हैं, उनके लिए भी परीक्षा विभाग ने अंतिम अवसर दिया है। 16 दिसंबर तक 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ संबंधित विभाग और कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। विभागाध्यक्ष और संबंधित कॉलेजों के प्राचार्यों को कहा गया है कि अगले दिन यानी 17 दिसंबर तक छात्र-छात्राओं की सूची और परीक्षा शुल्क परीक्षा विभाग को उपलब्ध करा दें। देर शाम तक एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा तो 18 दिसंबर से विभाग और कॉलेजों से संबंधित परीक्षार्थियों को वितरित किया जा सकेगा।



### विलंब के कारण परीक्षा विभाग पर लगातार बढ़ रहा दबाव

पीजी का सत्र पहले 3 से 4 साल में पूरा होता था। कोरोना काल में स्थिति और खराब हो गई। किसी तरह सत्र पटरी पर आया। परीक्षा का सत्र नियमित हो गया, जबकि पिछले साल तक एडमिशन का सत्र एक साल पीछे था। इस साल परीक्षा सत्र भी नियमित होने की उम्मीद थी, लेकिन लोकसभा चुनाव के समय करीब दो महीने परीक्षा बाधित हो गई। कैलेंडर के अनुसार स्नातक और पीजी की जो परीक्षाएं मई-जून में होनी थी, उसमें विलंब हुआ। इसका असर पूरे सिस्टम पर पड़ा। अन्य परीक्षाएं भी प्रभावित हो गई। पीजी के साथ ही स्नातक में भी पिछले साल से सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के बाद दबाव और बढ़ गया है।

### अबतक पीजी के सत्र 2024-26 का नहीं हुआ है एडमिशन

विश्वविद्यालय में अबतक पीजी के सत्र 2024-26 का एडमिशन नहीं हुआ है। दरअसल, स्नातक सत्र 2021-24 का फाइनल रिजल्ट जारी होने के बाद ही पीजी में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। अक्टूबर में स्नातक का फाइनल रिजल्ट जारी हो जाता तो पीजी का सत्र भी नियमित हो सकता था। लेकिन, अभी रिजल्ट जारी होने में विलंब है। ऐसे में महीने के अंत तक भी किसी तरह फाइनल ईयर का रिजल्ट जारी हो जाता है तो अगले साल ही पीजी में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू होगी। ऐसे में वर्ष 2025 में सत्र नियमित करने के लिए दो सत्र का एडमिशन लेना होगा।

**इधर, 4 वर्षीय बीएड**

### एडमिशन के लिए आज से रजिस्ट्रेशन व काउंसिलिंग

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने 4 वर्षीय बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर अबतक रजिस्ट्रेशन से वंचित अभ्यर्थियों को तीन दिनों का समय दिया है। अभ्यर्थी सोमवार से अपना निबंधन करा सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। कहा गया है कि बुधवार तक रजिस्ट्रेशन और काउंसिलिंग से वंचित अभ्यर्थी एलएन मिश्र कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन और काउंसिलिंग करा लें। 4 वर्षीय बीए बीएड में 63 और बीएससी बीएड में 27 सीटें अब भी रिक्त हैं। विश्वविद्यालय के संबद्ध 4 कॉलेजों में संयुक्त प्रवेश परीक्षा के आधार पर एडमिशन की प्रक्रिया चल रही है।

### रिजल्ट जारी होने के एक सप्ताह में भेजा जाएगा टीआर

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत और संबद्ध कॉलेजों को अब ईमेल पर टीआर (टेबुलेशन रजिस्टर) भेजा जाएगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय के स्तर से प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे परीक्षा संबंधी कार्यों से लेकर पेंडिंग रिजल्ट और रिकॉर्ड मेंटेन करने में कॉलेजों को आसानी होगी। कॉलेजों में टीआर उपलब्ध नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं की रिजल्ट संबंधी समस्याओं का निराकरण करने से लेकर अगली परीक्षाओं के लिए फॉर्म भरने से पहले सत्यापन और मिलान करने में परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब परिणाम जारी होने के 7 दिनों के अंदर ही कॉलेजों के ईमेल पर टीआर उपलब्ध कराया जाना है। इसकी जिम्मेदारी आईटी सेल को दी गई है। विश्वविद्यालय की ओर से पिछले सप्ताह 4 वर्षीय स्नातक कोर्स के सेकेंड सेमेस्टर का परिणाम जारी किया गया है। इसका टीआर जल्द कॉलेजों को भेजा जाएगा। इस आधार पर कॉलेजों को अपने रिकॉर्ड की जानकारी मिल सकेगी। उन्हें यह पता चल सकेगा कि छात्र-छात्राओं की सफलता से लेकर उनके रिजल्ट में गड़बड़ी की क्या स्थिति है। विश्वविद्यालय की ओर से तय किया गया है कि सेकेंड सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी होने के 7 दिनों के भीतर ही टीआर कॉलेजों में भेजा जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE : 16.12.2024, PAGE-02**

# शिक्षकों व शोधार्थियों ने रमन स्कैटरिंग और स्पेक्ट्रोस्कॉपिक की सूक्ष्म बारीकियों को जाना

## व्याख्यान सत्र : फिजिक्स विभाग के दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम का समापन

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विवि के भौतिक विभाग की ओर से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम 'कंटेंपरेरी रिसर्च एंड इनोवेशन इन फिजिकल साइंसेज' के दूसरे दिन रविवार को व्याख्यान सत्र का आयोजन सर सीवी रमन हॉल में किया गया। बनारस हिंदू विवि के प्रो. रंजन कुमार सिंह ने रमन स्कैटरिंग और स्पेक्ट्रोस्कॉपिक इन्वेस्टिगेशन की सूक्ष्म बारीकियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने फ्लोरोसेंस फास्फोरिसेन्स जैसी प्रक्रियाओं में निहित भौतिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी। अमेरिका के तुस्कागी विवि के प्रो. अक्षय कुमार ने अपने व्याख्यान में लेजर इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कॉपी की चर्चा की। उन्होंने लेजर के उत्सर्जन व इसके उत्सर्जन समय अवधि को प्रभावित करने वाले कारकों के बारे में बताया। अमेरिका के कोलोराडो विवि के डॉ. सोहम घोष ने बायो फिजिक्स की चर्चा करते हुए डीएनए स्ट्रक्चर और उसकी भौतिक व रासायनिक व्यवहारों के बारे में बताया। दक्षिण बिहार केंद्रीय विवि के प्रो. वेंकटेश सिंह ने न्यूट्रिनो व डार्क मैटर के विज्ञान और उनके रहस्यों के बारे में बताया। तिलका मांझी विवि के प्रो. कमल प्रसाद ने एनर्जी हार्वेस्टिंग व सिरेमिक पॉलीमर कंपोजिट विषय पर व्याख्यान दिया।



फिजिक्स विभाग के सेमिनार में उपस्थित शिक्षक व शोधार्थी।

### प्रतिभागियों के बीच प्रमाणपत्र वितरित

दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम के समापन समारोह में कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति व प्रतिभागियों को बधाई दी। कुलसचिव प्रो. अपराजिता कृष्णा और भौतिक विभाग के अध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय सिंपोजियम के चेयरपर्सन प्रो. ललन कुमार झा ने प्रतिभागियों को संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र वितरित किया। मौके पर एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय, नीतीश्वर सिंह कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार सिंह, प्रो. संजय कुमार, पटना विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग के डॉ. अखिलेश कुमार गुप्ता, आईआईटी पटना के डॉ. संतोष कुमार, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्री डॉ. सर्वेश दुबे, पिनाकी लाहा, डॉ. अर्चना, डॉ. रविंद्र कुमार, डॉ. उमेश कुमार आदि थे। संचालन डॉ. संगीत सिन्हा ने किया।